मुंबई में मिले 5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

सीएम योगी ने मुंबई में उद्योगपतियों से कहा यूपी आकर उठाइए अपार संभावनाओं का लाभ

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यूपी के गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करेगा रिलायंस समूह

रैमकी ग्रुप ने दिया प्रस्ताव, कानपुर-लखनऊ के बीच बनाएंगे सैटेलाइट सिटी ■ टाटा संस यूपी में आध्यात्मिक महत्व के हर शहर से शुरू करेगा एयर इंडिया की उड़ान

अमर उजाला ब्यूरो

मुंबई/लखनऊ। अगले महीने लखनऊ में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भारी भरकम निवेश का रास्ता साफ हो गया है। यूपी को अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। उद्योगपतियों को आमंत्रण देने मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पांच लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। दो दिन के मुंबई दौरे में योगी के साथ रिलायंस, टाटा संस, अदाणी, गोदरेज, बिड़ला, पिरामल, वेदांता, पार्ले, हिंदुजा, लोढ़ा और रैमकी ग्रुप सहित दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया। योगी से मुलाकात के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने यूपी में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यूपी के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने सहित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और, ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश का प्रस्ताव दिया है। वहीं अदाणी समूह ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ-साथ नोएडा में 10 हजार युवाओं की क्षमता वाला कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा।

मुंबई : सीएम योगी से मिले उद्योगपति मुकेश अंबानी। - विज्ञप्ति

निवेश को इच्छुक दिग्गज औद्योगिक घराने

अदाणी समूह

वेयर हाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर

प्रदेश में सात जगहों पर सीमेंट इकाइयां

लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार

बलिया, श्रावस्ती में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज

बिड़ला ग्रुप

नोएडा में कन्वेंशन सेंटर।

फूड प्रोसेसिंग, डाटा सेंटर, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स के साथ सोलर एनर्जी।

पिरामल ग्रुप

टीबी मुक्त भारत के लिए वाराणसी में चलाएगा अभियान। इसके साथ ही फार्मा पार्क में करेगा निवेश।

जेएसडब्ल्यू ग्रुप

सोनभद्र में अत्याधुनिक तकनीक वाला पंप स्टोरेज प्लांट

कानपुर में इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग इकाई, पेंट इकाई

कानपुर में एक मंदिर और सीतापुर के नैमिषधाम का विकास

हीरानन्दानी समूह

विदेशी पार्टनर के सहयोग से सेमी कंडक्टर में निवेश

टाटा संस : सभी आध्यात्मिक शहरों से उड़ान सेवा एवं होटल शुरू करेगा

वेदांता : नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट

यह भी मिले प्रस्ताव

■ गोदरेज समूह बाराबंकी में जल्द नया कारखाना शुरू करेगा ■ लोढ़ा ग्रुप अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में लाएगा आवास परियोजनाएं।

■ रैमकी ग्रुप लखनऊ और कानपुर के बीच एक सैटेलाइट सिटी के विकास में सहयोग करेगा।

यूपी से होकर गुजरती है पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को पांच ट्रिलियन (50 खरब) डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के सपनों की राह उत्तर प्रदेश से होकर गुजरती है। सीएम ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसके लिए यूपी में संभावनाएं नहीं हैं। उद्योग जगत यूपी आकर इन अपार संभावनाओं का लाभ उठाए। सरकार निवेशकों को सुरक्षा और संसाधन उपलब्ध कराने की गारंटी देगी। योगी ने ताज होटल में देश के प्रमुख उद्योगपतियों को लखनऊ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी अपनी जड़ें तलाशता है तो वह यूपी की ओर देखता है। यूपी में पर्याप्त क्षमता और विजन है। >> यूपी के विकास में सहयात्री बनें बैंकर्स : पेज 3